भारत सरकार
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या: 389
दिनांक 03 फरवरी, 2023 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

सर्पदंश से मृत्यु

389. श्रीमती शारदा अनिल पटेल:
श्री मितेष पटेल (बकाभाई):

क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या विश्व स्वास्थ्य संगठन ने बताया है कि देश में सर्पदंश से लगभग 58,000 लोगों की मौत हो रही है और यदि हां, तो सरकार द्वारा इस मृत्युदर में कमी लाने के संबंध में क्या कदम उठाए गए हैं/उठाए जा रहे हैं;
(ख) क्या सर्पदंश से होने वाली 90 प्रतिशत मृत्यु ग्रामीण क्षेत्रों में होती हैं यदि हां, तो सरकार द्वारा इसके लिए ग्रामीण क्षेत्रों में चिकित्सा अवसंरचना स्थापित करने कै लिए क्या कदम उठाए गए हैं/उठाए जा रहे हैं;
(ग) क्या मौजूदा विनिर्माण इकाइयां सर्पदंश के रोगियों के उपचार के लिए पर्याप्त मात्रा में विष-रोधी दवाओं का उत्पादन करने में सक्षम हैं; और
(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी कंपनियों के उत्पादन का क्षमता- वार ब्यौरा क्या है?

उत्तर

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण राज्य मंत्री (डॉ. भारती प्रविण पवार)

(क) से (घ) विश्व स्वास्थ्य संगठन कंट्री ऑफिस, भारत से प्राप्त सूचना के अनुसार, विश्व स्वास्थ्य संगठन ने सर्पदंश से होने वाली मौतों के संबंध में कोई रिपोर्ट जारी नहीं की है।

राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों से प्राप्त सूचना के अनुसार, वर्ष 2020 में 626 मौतों की सूचना मिली है।

भारत सरकार सांप के काटने के मामलों के प्रबंधन सहित विभिन्न स्कीमों के अंतर्गत नए अस्पतालों की स्थापना और अवसंरचना उन्नयन सहित जन स्वास्थ्य परिचर्या प्रणाली को सुदृढ़ करने के लिए राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के अंतर्गत सभी राज्यों को वित्तीय सहायता प्रदान करती है। इसके अलावा औषधियों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए एंटी स्नेक वेनम (एएसवी) को पहले ही राष्ट्रीय आवश्यक औषधि सूची में शामिल किया जा चुका है और राज्य सरकारों को भी एएसवी को आवश्यक औषध सूची में शामिल करने के लिए कहा गया है।

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के मिशन स्टीयरिंग ग्रुप (एमएसजी) के अनुमोदन के अनुसार, वित्त वर्ष 2023-24 से सांप के काटने की रोकथाम और नियंत्रण के लिए सभी राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में कार्यान्वयन हेतु अतिरिक्त कार्यकलापों को जोड़ा गया है। इनमें सांप के काटने की रोकथाम और प्राथमिक चिकित्सा पर जागरूकता, फ्रंटलाइन स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं का क्षमता निर्माण और आईईसी कार्यकलाप शामिल हैं।

स्थापित क्षमता के साथ एंटी-स्नेक वेनम सीरम के निर्माताओं का विवरण निम्नानुसार है:

क्र.सं.	**निर्माता का नाम**	**स्थापित क्षमता (शीशियां/वर्ष)**
1.	मैसर्स विरचो बायोटेक प्राइवेट लिमिटेड	4,32,000
2.	मैसर्स हाफकिन बायोफार्मास्यूटिकल्स कॉर्पोरेशन लिमिटेड	4,50,000
3.	मेसर्स बायोलॉजिकल ई लिमिटेड	8,40,000
4.	मैसर्स प्रीमियम सीरम एंड वैक्सीन्स प्राइवेट लिमिटेड	14,40,000
5.	मेसर्स भारत सीरम एंड वैक्सीन्स लिमिटेड	21,00,000
6.	मेसर्स वीआईएनएस बायोप्रोडक्ट्स लिमिटेड	13,60,000
7.	मेसर्स केंद्रीय अनुसंधान संस्थान	10,000
8.	मेसर्स सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, पुणे	1,20,000